पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में आन्त्रशोध के मामले

*96. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रदूषित जल और वायु के कारण मध्य प्रदेश में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आंत्रशोध की बीमारी से मर जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991 में अब तक सरकार द्वारा आंत्रशोध के कितने रोगियों का पता लगाया गया है;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार मध्य प्रदेश में आंत्रशोध की बीमारी को रोकने के लिए उस राज्य को विशेष सहायता प्रदान करने का विचार रखती है ;

(घ) क्या सरकार राज्य में आंत्रशोध की बीमारी से ग्रस्त आदिवासियों के लिए कुछ परियोजनाएं आरंभ करने का भी विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री एम० एल० फोतेदार) : (क) मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में मुख्यतया पेय जल के दूषित होने के कारण जठरांत्र शोथ के बहुत से रोगियों की सूचना मिली है।

(ख) जनवरी, 1991 से जठरांत्र शोथ के 69,218 रोगियों की सूचना मिली है जिनमें 3939 मौतें भी शामिल हैं।

(ग) महामारी के कारणों की जांच करने तथा उपयुक्त सिफारिशें करने के लिए प्रभावित जिलों में राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली के तकनीकी दल भेजे गए हैं। बस्तर जिले में रोग पर नियंत्रण पाने के लिए प्रधान मंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

(घ) और (ङ) स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए इस बारे में राज्य सरकार को उचित कदम उठाने हैं।

Supply of Crude Oil to Barauni Refinery

*97. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have decided to supply crude oil to Barauni refinery in Bihar *via* Haldia reverine port;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether the crude proposed to be supplied *via* Haldia port is in addition to the quantity which Barauni refinery is at present getting from Assam oil wells; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

दिल्ली में पुलिस हिरासत में हुई मौतें

*98. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 25 जून से लेकर 31 अक्तूबर 1991 तक दिल्ली में पुलिस हिरासत में कितनी मौतें हुई; और

(ख) प्रत्येक मामले में क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) (क) दिल्ली पुलिस ने सूचित किया है कि 25 जून से 31 अक्तूबर, 1991 के